## सार-समाचार

### एथलेटिक्स विजेताओं को पुरस्कृत किया

**जालोर**, (कासं)। निकटवर्ती बादनवाडी गांव के बनो चैंपियन खेल मैदान में बुधवार को आयोजित हुई। अस्मिता खेलो इंडिया जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेता रही बालिकाओं को मैडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि मंगलवार शाम आयोजित मैडल सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह बालावत थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईएस मुक्केबाजी कोच पुष्पेन्द्र परमार ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश कुमार पांडेय मौजूद थे।सचिव मिश्रा ने बताया कि भारतीय एथलेटिक्स संघ से प्राप्त मैडल व सर्टिफिकेट अंडर 14 व अंडर 16 आयुर्ग की बालिकाओं को उपस्थित तीनों अतिथियों ने देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह बालावत ने कहा कि भारतीय एथलेटिक्स संघ ने पूरे भारत में इस प्रकार की प्रतियोगिता करवाकर ग्रामीण खिलाडियों को एक अवसर प्रदान किया है,जो सराहनीय है। एनआईएस कोच पुष्पेन्द्र परमार ने कहा कि ऐसे छोटे छोटे अवसरों के मिलने से ही बडा खिलाडी बना जाता है। इसलिए किसी भी प्रतियोगिता को छोटा न समझकर हर प्रतियोगिता को बडा समझकर ही अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन करना चाहिए।उमेश कुमार पांडेय ने सभी खिलाडियों के जज्बे की सराहना की।उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में 250 से अधिक खिलाडयिों ने भाग लेकर प्रतियोगिता के औचित्य को सही साबित किया है। कार्यक्रम के दौरान बादनवाडी खेल मैदान कोच कैलाशचंद्र, लेटा खेल मैदान कोच भावेश कुमार,गोदन खेल मैदान कोच नीतू कुमारी सहित खिलाडी व खेलप्रेमी मौजूद थे।

### शिव सेना ने समस्याओं का ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जालोर शहर इकाई की ओर से आमजन की मूलभूत समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शिवसेना यूबीटी जालौर शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार, जिला प्रवक्ता रमेश गहलोत एवं जालौर शहर सचिव कैलाश जी माली के नेतृत्व में जालौर शहर के वार्ड संख्या 1 की विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से वार्ड संख्या 1 में लंबे समय से चली आ रही बिजली आपूर्ति की अनियमितता, पेयजल की भारी किल्लत, एवं जर्जर सडकों की बदहाल स्थिति से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। शिवसेना पदाधिकारियों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिला कलेक्टर ने शिवसेना प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि वार्ड संख्या 1 से जुडी बिजली, पानी एवं सडक संबंधी समस्याओं का समाधान आगामी 7 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। कलेक्टर के इस आश्वासन पर शिवसेना यूबीटी पदाधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि तय समय-सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शिवसेना (यूबीटी) आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### वार्डों के सीमांकन पर कांग्रेस की बैठक

**जालोर**, (कासं)। आहोर उपखंड मुख्यालय पर जिला परिषद और पंचायत समिति क्षेत्र के वार्डों के सीमांकन को लेकर विचार-विमर्श करने के लिए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एवं आहोर विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में चौधरी ने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति क्षेत्र के वार्डों के सीमांकन संबंधित आपत्ति को आगामी 4 जनवरी तक उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार, मांगीलाल चौधरी, पीरसिंह बालोत, कुशाल सिंह राजपुरोहित, वि म चौधरी सहित उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सीमांकन संबंधित विषयों पर अपनी अपनी राय और सुझाव भी दिए। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बस्तीमल चौहान, मिश्रीमल चौधरी,नगर अध्यक्ष भंवरलाल छीपा, मंडल अध्यक्ष जोगेन्द्रसिंह, हस्तीमल सुथार, पन्नाराम चौधरी,पुखराज मेघवाल,बगदाराम चौधरी, नारायण सिंह, भरतसिंह राजपुरोहित, जवानाराम चौधरी,मकराराम, समीर पठान, कानाराम सिंघल,दिनेश परमार,खुशालराम,अशोक मोतीसरी,चंदन रावल, इंद्र कुमार,थानाराम व अणदाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

### जालोर में रिमझिम बारिश, सर्दी बढ़ी

**जालोर**, (कासं)। जालोर में बुधवार को शाम करीब चार बजे रिमझिम बारिश होने के बाद सर्दी के तेवर तीखे नजर आये। वही मावठ के चलते खासकर फसलो को नुकसान हो सकता है। जालोर में शाम करीब चार बजे आसमान में बादल छाने के साथ रिमझिम बारिश का दौर शुरु हुआ, जो कुछ ही समय पर सडके पर पानी नजर आने लगा। बारिश के बाद सर्दी की रंगत तेज नजर आइ। वही शाम ढलते ही साल के अंतिम दिवस पर बारिश ने मौसम में ठण्डक घोल दी। बारिश के बाद सर्दी बढने के साथ लोग गर्म कपडो में लिपटे नजर आये। वही जालोर के आस पास जगहो पर भी अच्छी बारिश होने से पारा कम होने से सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरु कर दिया। वही बेमौसम बारिश के चलते अनार, मिर्च, आदि की फसलो को कुछ हद तक नुकसान उठाना पड सकता है। बारिश के बाद ठिठूरन बढने से लोगो ने अलाव जलाक सर्दी से बचने का जतन किया। वही साल का अंतिम दिवस होने से कई जगह लोग इस सर्दी के मौसम में हल्दी की सब्जी व गाजर का हलवा की गौठ करते नजर आये। जिलेभर में बारिश के बाद सर्दी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरु कर दिया है। वही सर्दी बढने से लोगों की दिनचर्या भी बदल गई है।

### रेखा का पद्माक्षी पुरस्कार योजना में चयन

**फलोदी**, (निसं)। पीएम श्री राउमावि मण्डला खुर्द की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा रेखा का पद्माक्षी पुरस्कार योजना की जिला मेरिट अनुसूचित जनजाति वर्ग सूची में प्रथम स्थान से चयन हुआ है। इस उपलब्धि के तहत छात्रा को राज्य सरकार द्वारा 75,000 की प्रोत्साहन राशि छात्रा के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो उसकी उच्च शिक्षा और उज्जवल भविष्य हेतु सहायक होगी। यह उपलब्धि पीएम श्री विद्यालय मण्डला खुर्द सहित जिला फलोदी के लिए गौरव का विषय है। पद्माक्षी पुरस्कार योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में टॉपर छात्राओं को आर्थिक पुरस्कार एवं सम्मान दिया जाता है ताकि उन्हें आगे की पढाई एवं लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिल सके। जिला मेरिट में चयन होने से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भेरूलाल पालीवाल ने छात्रा रेखा को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रा की मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रदीप के. गावंडे ने निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर उपखड अधिकारी कार्यालय, तहसील, उप पंजीयक कार्यालय, पंचायत समिति व रसद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने उपखड अधिकारी कार्यालय जालोर, तहसील, उप पंजीयक कार्यालय, पंचायत समिति व रसद कार्यालय जालोर का निरीक्षण कर कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहत्तर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा फाईलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के साथ ही रिकॉर्ड के व्यवस्थित रूप से संधारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसद कार्यालय का निरीक्षण कर गिव-अप अभियान व खाद्यान्न वितरण आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार संजय बोहरा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल आदि उपस्थित रहे।

### डोडियाली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को डोडियाली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# जालोर में गाड़ी दौड़ाकर तीन लोगों को मारी टक्कर

***जालोर***, (कासं)। जालोर शहर के मोहनजी प्याऊ के पास के एक ठेकेदार ने शराब के नशें में गाडी दौडाकर तीन जनो को टक्कर मार दी जिससें घायलों को जालोर के राजकिय चिकित्सालय में लाया गया। जहां एक व्यक्ति की हालात गंभ्भीर होने पर आगे रैफर कर दिया गया।

जालोर नगर परिषद ठेकेदार कैलाश शर्मा ने मंगलवार रात्रि को शराब के नशे धूत होकर सडक पर अपनी कार को तेजगति व लापरवाही पुर्वक चलाते हूए सडक किनारे खडे विधुत पोल को टक्कर मारते हूए एक सैलून के केबीन में घूस गई जहां पास में सब्जी बेच रहे जालन्धर नाथ नगर निवासी गणेशाराम 40 पुत्र सवाराम जाति देवासी व उसकी पुत्री हीना के साथ भीनमाल रोड स्थित मोहनजी प्याऊ के पास सब्जी बैचने का कार्य करते है सब्जी ठेले के पीछे चम्पालाल सैन निवासी नागौर की सैलून की दूकान है जो मंगलवार को अवकाश होने से बंद थी अन्यथा बडा हादसा हो सकता था।

वही कार की टक्कर से गणेशाराम , हीना और एक अन्य घायल हो गए जहां घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से जालोर राजकिय चिकित्सालय में लाया गया जहां दो जनो को प्राथमिक उपचार के बाद छुटटी दे दी एक अन्य गंभ्भीर को घायल को प्राथमिक उपचार के बाद पालनपुर रैफर कर दिया

वही घटना की सूचना मिलने लोगों की भारी भीड एकत्रित गई जहां गुस्साई लोगों ने कार चालक को गाडी से बाहर लाकर पुलिस को सौपा लोगों ने जालोर-भीनमाल मार्ग जाम कर दिया घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर कार सहित ठेकेदार कैलाश शर्मा को थाने लेकर आई पुलिस ने मामला दर्ज कर कार का जब्त की।

### भामरा में झोपडा जला

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट भामरा स्थित भेमाराम हीराजी भील का रहवासी झोपडा अज्ञात कारणों से आगजनी के कारण खाक हो गया।

ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाई गई।प्रशासक शंकरलाल की सूचना पर पटवारी धान अजय जोशी मौके पर पहुंचे। मौके पर अजय जोशी पटवारी धान ने पहुंचकर निरीक्षण कर मौका फर्द बनाई प्रशासक शंकरलाल ने बताया कि तकरीबन 40 हजार का भेमाराम के नुकसान हो गया जिसमें नकद राशन सामग्री व बिस्तर बर्तन आदि जलकर खाक हो गए।

इस दौरान वार्ड पंच गणेश मौके पर उपस्थित रहे।

### पिलर तोडने से हादसे

रेवदर क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित रेवदर नदी पर पुलिया के पास में सुरक्षा दृष्टि से बने हुए पिलरों को तोडने की कार्रवाई के लिए जिला कलक्टर सिरोही को लिखा पत्र जिसमें जोधाराम देवासी ने पत्र लिखकर नदी के किनारे स्थित एक होटल के बाहर से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सुरक्षा पिलरों को तोडने के कारण वहां पर आए दिन सडक हादसे हो रहे हैं।

जिसके लिए पिलर तोडने वाले तथा पुनः पिलरों का निर्माण करवाए जाने हेतु जिला कलेक्टर को अवगत करवाते हुए पत्र भेजा।

# स्काउटर गाइडर ग्रुप का वार्षिक शिविर संपन्न

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय जालोर एवं स्थानीय संघ सांचौर के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना के साथ स्काउट गाइड ग्रुप वार्षिक शिविर का समापन बुधवार को हुआ। जिसमे बडी संख्या में स्काउटर,गाइडर ने भाग लिया।

सात दिवसीय ग्रुप वार्षिक शिविर के समापन समारोह में सीओ स्काउट जालोर, ग्लोबल एजुकेशन इंस्टिट्यूट डेडवा, सांचोर के निदेशक सुरेंद्र साहू,. प्राचार्य डॉ सरजीत सिंह चौधरी, सुमन चौधरी, महाविद्यालय स्टाफ, शिविर संचालक रमेश कुमार दवे,सह संचालक मनजी राम राणा,लादू राम भादू, देराम राम ने स्काउटर गाइडर को सदाचारी, नैतिक मूल्यों, स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण, परोपकार, सामाजिक सरोकार, प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने,ब्लॉक सांचौर में जागरूकता रैली का आयोजन करते हुए स्वच्छता का सन्देश गया। शिविर संचालक दवे के साथ साथ प्रशिक्षण दल द्वारा शिविरार्थियों को प्रातः 6 बजे दैनिक गतिविधियों को पूर्ण कराकर रात्रि 10 बजे तक मनोरंजन टोली अनुसार शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजित किया गया। सीओ स्काउट राठौड ने बताया कि विश्व का सबसे बडा युवा वर्दीधारी, गैर राजनीतिक,स्वैच्छिक संगठन से जोडकर बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान कर स्वावलंबन बनाया जा सकता है । सुरेंद्र कुमार साऊ ने बताया कि गतिविधियों के माध्यम से बालकों में सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। समय की आवश्यकता को देखते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को स्काउट गाइड की गतिविधियों से जोडा जाना चाहिए। साऊ ने बताया कि स्काउट गाइड संगठन में विकास के लिए ग्लोबल कॉलेज हर संभव सहयोग करेगा। कैम्प मैं विभिन गतिविधि जिसमें साहसिक गतिविधि, दिशा ज्ञान, अवकाश अभ्यास कार्य, प्रार्थना, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, पॉयनरिंग, गेजेट्स, खेल, सेवा कार्य आदि करवाये गए। शिविर संचालक रमेश कुमार दवे ने शिविर में बेहतरीन व्यवस्था देने के लिए ग्लोबल कॉलेज परिवार डेडवा का आभार व्यक्त किया। संचालन लादूराम भादू सचिव स्थानीय संघ सांचौर द्वारा किया गया। शिविर में सबसे बढकर काम करने वाले रोवर रेंजर जयंतीलाल, ममता, अमृतलाल, लक्ष्मण ,कमला, पारू जाख, खुशबू, सुंदर, पूजा,करिश्मा आदि ने कैम्प को सामुदायिक सेवा की प्रतिज्ञा ली।

### चार ट्रेनें बनेंगी मोबाइल बिलबोर्ड

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे अब अपनी कमाई का जरिया सिर्फ यात्री टिकट तक सीमित नहीं रखेगा। राजस्व बढ़ाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने अपनी नॉन-फेयर रेवेन्यू (एनएफआर) पॉलिसी के तहत एक बड़ा कदम उठाया है। जोधपुर मंडल से संचालित चार प्रमुख जोड़ी ट्रेनों को अब चलते-फिरते विज्ञापनों (मोबाइल बिलबोर्ड) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

इन ट्रेनों के कोचों पर विनाइल रैपिंग के जरिए बड़ी कंपनियों की ब्रांडिंग की जाएगी, रेलवे ने सालाना करीब 60 लाख रुपए की एक्स्ट्रा इनकम नॉन-फेयर रेवेन्यू जुटाने का लक्ष्य रखा है। सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार, जिन ट्रेनों का चयन किया गया है, वे न केवल लंबी दूरी की हैं, बल्कि देश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक शहरों को जोड़ती हैं। यही कारण है कि विज्ञापनदाताओं के लिए ये हॉट प्रॉपर्टी हैं।

### मावट से छूटी धूजणी, कोहरा

जोधपुर। **शहर में बुधवार को मौसम का** मिजाज बदला हुआ नजर आया। शहर में सुबह हल्का कोहरा और बादल छाए रहने से मौसम ठंडा हो गया। शाम को कई स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। वहीं ठंडी हवाएं चलने से सर्दी बढ़ गई। शाम तेज आंधी चली और फिर बूंदाबांदी ने मौसम को सर्द कर दिया।

जोधपुर शहर में साल के अंतिम दिन मौसम बदला-बदला नजर आया। शहर में शाम के समय हल्की बूंदाबादी से ठंडक बढ़ गई। हवा में नमी और ठंडक बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया। कई इलाकों में लोग सडक़ों और चौपाठियों पर मौसम का आनंद लेते भी नजर आए। इससे पहले सुबह तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई। शहर में सुबह और शाम के समय सर्दी का असर सबसे ज्यादा महसूस हो रहा है, जिससे लोग घरों में रहने को मजबूर हैं।

दिन में धूप खिलने से थोड़ी राहत मिलती है। दिन में धूप निकलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होती है, जिससे लोगों को कुछ देर के लिए सर्दी से राहत मिलती है।

इसके बावजूद, ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बनी रहती है और लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

# बालोतरा की 40 बेटियों को मिलेगा पद्माक्षी पुरस्कार

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा जिले के लिए गर्व का विषय है कि 40 होनहार छात्राओं का चयन राज्य सरकार की प्रतिष्ठित ''पद्माक्षी पुरस्कार योजना'' के लिए किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धन्ने की ढाणी से छात्रा रश्मी, महर्षि गौतम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा सुरभी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनियों का तला की छात्रा रवीना भाटी, संस्कार ए वैली ऑफ एजुकेशन उच्च माध्यमिक विद्यालय, भाण्डियावास की छात्रा सोनू, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पादरू की छात्रा पुजा कुमारी, महा भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा पायल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुढों की ढाणी की छात्रा बदामी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, थोब की छात्रा अफसाना ने कला संकाय में, एनवीएम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा निकिता जैन, श्री वर्धमान अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा स्नेहा चौधरी, शान्ति निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा विधि सिंघल, मदर टरेसा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा लविना ने वाणिज्य संकाय में तथा सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंडली की छात्रा प्रियंका चौधरी, भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा सोहन कंवर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कनूर की छात्रा मुनी, मां सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिणधरी की छात्रा करिश्मा गर्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पादरू की छात्रा सानिया बानो, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोलू की छात्रा ममता, भगवती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालोतरा की छात्रा ममता ने विज्ञान संकाय में, लक्ष्य ज्योती उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याणपुर की छात्रा विनोद कंवर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिवाना की छात्रा गुंजन एवं मोनिका, मेहता एचबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाटोदी की छात्रा मनीषा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, समद?ी की छात्रा हीना का कृषि संकाय में शानदार परीक्षा परिणामों के आधार पर चयन इस वर्ष पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया गया है।

उन्होने बताया कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्राओं को 75-75 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होने बताया कि कक्षा 10 से 8 छात्राओं एवं कक्षा 8 से 8 छात्राओं का चयन इस वर्ष पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया गया है।

छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षकों व ग्रामीणों ने 40 बेटियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी और बालिका शिक्षा को नई दिशा देगी।

# 'शिक्षा से ही बदलाव की सकारात्मक राह बनेगी'

**भीनमाल**, (निसं)। सेन शिक्षा जागृति मंच जिला जालोर का जिला स्तरीय ग्यारहवां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को एमपी रोड पर समाज के भामाशाह द्वारा प्रदान की गई भूमि पर हुआ।

सम्मान समारोह में कक्षा दस की कुल 51 प्रतिभाओं, कक्षा 12 वीं में 54 व स्नातक तथा उच्चतर की 31 व डिग्री डिप्लोमा 19 तथा खेलकूद, एनसीसी व स्काउट की 11 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इनमें से कक्षा दस व बारह की नौ प्रतिभाओं को गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया। समारोह को संबोधित करते हुए सांथू महंत रणछोड पुरी महाराज ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागृति मंच का कार्य बहुत सुन्दर और सराहनीय है और वे खुद गत दस वर्षो से समाज के इस विशाल कार्यक्रम में उपस्थित होकर शिक्षा रूपी इस महायज्ञ के साक्षी बन रहे है। महाराज ने कहा कि शिक्षा ही वह अनमोल धन है जो कि न तो कभी क्षीण होता है और जितना खर्च करते है उतना ही ब?ता जाता है। महाराज ने कहा कि वर्तमान युग में बगैर शिक्षा के जीवन व्यर्थ है इसलिए आप सभी कुछ करें या न करें मगर अपने अपने बालक बालिकाओं को पूर्ण शिक्षा जरूर दिलवाये। महाराज ने समाज से अपील की कि वे नशे पत्ते की किसी भी लत से दूर रहें।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सोहनलाल बाडमेर ने शिक्षा को लेकर समाज में जागृति मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं का कार्य करना निस्सन्देह हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के माध्यम से ही बदलाव की सकारात्मक राह प्रशस्त की जा सकती है। शिक्षा ही वह कुंजी है जो अशिक्षा से उत्पन्न सौ बीमारियों को खत्म करने के साथ समाज में प्रगति ला सकती है। मंच के जिलाध्यक्ष गुलाब भाटी ने कहा कि हमें सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक रुप से सक्षम बनने के लिए शिक्षा रुपी इस रेलगाडी में सफर करना ही होगा। भाटी ने कहा कि यह गौरव की बात है कि हमारे समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार अपनी गति पकड रहा है।

सेन सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पंसेरी ने कहा कि आज राजस्थान में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सेन समाज के छात्रावास बने हुए है मगर हमारे जालोर जिले में छात्रावास का निर्माण अपूर्ण पडा है। उन्होंने जिला मुख्यालय पर बन रहे छात्रावास को लेकर समाज से अपील की वे इसके निर्माण हेतु अपना सहयोग प्रदान करे। मंच को करीब ढाई बीघा जमीन भेंट करने वाले दियावटी पट्टी के ललित कुमार राठौड देता ने समारोह में भाग लेने वाले बंधुओं का आभार व्यक्त किया। समारोह को छात्र करण भाटी ने अपने जोशीले अंदाज में कविता के माध्यम से शिक्षा पर जोर देते हुए शानदार प्रस्तुति दी। सचिव किरण कुमार दौलपुरा ने मंच का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कोषाध्यक्ष भंवरलाल झाब ने संस्था के आय व्यय को ब्यौरा प्रस्तुत किया। मंच संचालन जयंतीलाल दांतलावास व भरत भाटी अरणाय ने किया। समारोह में शिक्षाविद् लालाराम छिपरवाडा, सुखदेव परमार गुडामालाणी, सूजमल मालवाडा, मांगीलाल सेवडी, सेवानिवृत नायब तहसीलदार मोहनलाल सेवडी, सेवानिवृत रीडर छोगाराम नरसाणा, इन्द्रभाण भाटी, पूर्व अध्यक्ष सांवलाराम पूनासा, हस्तीमल रायथल, बाबूलाल देता, वचनाराम दादाल, नरेन्द्र दादाल, लालाराम वमल, पारसमल निम्बोडा, भभूताराम भाटी, पारसमल भाटी, जबरमल भाटी, गणपतलाल कोमता, रेवाराम जुंजाणी, रेवाराम विशाला, जबराराम बी भाटी, रक्तदाता सतीश सेन, माधाराम जेतु, अर्जुन नरसाणा, छगनलाल चारा, दिनेश पंसेरी सहित मातृशक्ति व समाज बंधु मौजूद रहे।

# सिवाना में निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण की व्यवस्थाओं को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से सिवाना स्थित उप जिला अस्पताल एवं नगरपालिका कार्यालय में जिला रजिस्ट्रार एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला रजिस्ट्रार एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग दीपाराम तथा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी शिव प्रसाद ने उपजिला अस्पताल सिवाना के प्रभारी अधिकारी देवराज कडवासरा एवं संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि अस्पताल में प्रसव के उपरांत डिस्चार्ज के साथ ही संबंधित प्रार्थी को जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उप जिला अस्पताल एवं नगरपालिका सिवाना के प्रभारी अधिकारियों व कर्मचारियों को जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण में पाई जाने वाली कमियों के संबंध में अवगत कराया गया। ।

**सूचना**

राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (SEIAA) राजस्थान के पत्र क्रमांक RJ/25/SEAC3/MIN/0070 दिनांक 30/12/2025 Praposal No.-SIA/RJ/MIN/540769/ 2025 द्वारा मेसर्स सिम्फोनिया एंड ग्राफिकस प्राइवेट लिमिटेड पता प्लाट न. 36/ 37 मोजी कॉलोनी मालवीया नगर, जयपुर (राज.) के पक्ष में मंशा पत्र प्राप्त प्लॉट संख्या BJ-03/2023, खनिज बजरी, क्षेत्रफल 93. 0128 हैक्टर, निकट राजगढ़, निम्बोड़ा, मीठन व मारोल, तहसील रेवदर, जिला सिरोही (राज.) के पक्ष में पर्यावरण मंजूरी जारी कि गई है। पर्यावरण मंजूरी की प्रति पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट parivesh.nic.in पर भी देखी जा सकती है व स्टेट एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी SEIAA (राज.) एवं राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.) व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

## सार-समाचार

### कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्रों का निरीक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार द्वारा महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिले में संचालित कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता भागीरथ के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता पिंकी मीणा द्वारा विभिन्न कम्प्यूटर ज्ञान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही जिले के सभी ब्लॉकों में पर्यवेक्षक एवं प्रचेताओं द्वारा केन्द्रों की जांच की गई। निरीक्षण का उद्देश्य केन्द्रों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षणार्थी महिलाओं व बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना रहा। निरीक्षण के दौरान कम्प्यूटर लैब, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं सॉफ्टवेयर की जांच की गई तथा उपलब्ध संसाधनों पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से संवाद कर फीडबैक लिया गया एवं केन्द्रों में उपलब्ध शिक्षण वातावरण एवं फैकल्टी की शिक्षण पद्धितयों की सराहना की गई। पर्यवेक्षक ने बताया कि योजना के अंतर्गत 16 से 40 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर बेसिक, अकाउंटिंग तथा इंग्लिश स्पोकन जैसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक एवं न्यूनतम कक्षा 10वीं उत्तीर्ण महिलाएं एवं बालिकाएं आई.टी. ज्ञान केन्द्र अथवा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

### व्यास व्यापारी समिति के पुन : अध्यक्ष

**जोधपुर**, (कासं)। जालोरी गेट स्थित व्यास हवेली के बैंक्विट हॉल में जालोरी गेट चौपासनी रोड व्यापारी समिति की बैठक में अध्यक्ष पद के चुनाव में सर्व सम्मति से सुरेन्द्र कुमार व्यास को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना गया। चुनाव अधिकारी सोहन मुथा ने बताया कि जालोरी गेट चौपासनी रोड व्यापारी समिति की कार्यकारिणी के तीन वर्ष का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी व्यापारी बंधुओं ने सरल व्यक्तित्व के धनी, मिलनसार, मृदुभाषी सुरेन्द्र कुमार व्यास को आगामी तीन वर्ष के लिए जालोरी गेट चौपासनी रोड व्यापारी समिति के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। पुन : निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओ ने सुरेन्द्र कुमार व्यास को माल्यार्पण कर स्वागत किया। महेश मंत्री ने बताया कि इस दौरान राजकुमार सोनी, सोहन मुथा, राजेन्द्र व्यास, अजित सिंह देवड़ा, कैलाश राठी, किशन मेड़तिया, उत्तम प्रकाश अरोड़ा, श्यामसुंदर सोलंकी, मनोज जैन, ओमप्रकाश खंडेलवाल, विक्रान्त दवे, मनीष अठावाल, गोविंद मालवीय, जाबिर काठावत, लोकेश धारीवाल, विष्णु पंवार, महेन्द, जितेन्द्र भंडारी, महेन्द्र शर्मा, पाबूलाल, रिजवान अंसारी, अभिषेक अरोड़ा, आशीष सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित हुए।

### हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर

**जोधपुर**, (कासं)। नए साल का आगाज रात 12 बजे से हो जाएगा। शहरवासी और बाहर से आए पर्यटक नए साल के स्वागत को आतुर है। शहर के सभी होटल्स, रेस्तरां आदि फुल हो चुके है। नए साल के जश्न के लिए आतुर शहरवासियों को नशाखोरी से बचाने के लिए पुलिस के 15 जवान और अधिकारी मुस्तैद रहेंगे। हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर पुलिस की रहेगी। अभय कमाण्ड कंट्रोल सेंटर से नजर रखने के साथ डेढ़ सौ से ज्यादा ब्रेथ एनेलाइजर मशीनें सक्रिय रहेगी। पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में खुद पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश मोनिटरिंग करेंगे। रात्रि 8 बजे बाद शराब की दुकान खोलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बार,मनोरंजन शो, और पार्टियों, में अनुज्ञा पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने पर सख्ती बरती जाएगी। सभी थानाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। पुलिस उपायुक्त पूर्व पीडी नित्या, डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल के सुपरविजन में गठित टीमों द्वारा रात आठ बजे मोर्चा संभाल लिया गया । नववर्ष के उत्साह और पर्यटन सीजन के चलते पुलिस द्वारा सप्ताह भर पहले ही रूट मार्च कर संदेश जारी किए गए है।

### जोधपुर संसदीय क्षेत्र में 284.12 करोड़

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पीएमजीएसवाई-चतुर्थ (2025-26) के अंतर्गत जोधपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 284.12 करोड़ रुपए की लागत से 154 सडक़ कार्यों की स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पत्र को साझा करते हुए शेखावत ने बताया कि नए साल से ठीक पहले यह जोधपुर क्षेत्र के गांवों के लिए बड़ी खुशखबरी है। इन 486.51 किमी सडक़ों से 154 क्षेत्रों के रहवासियों को सीधा सडक़ संपर्क मिलेगा, हमारे ग्रामीण बहनों-भाइयों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार से जुड़े अनेक लाभ होंगे। उन्होंने कहा कि सडक़ें उद्यिमता व आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करती हैं। शेखावत ने अंत्योदय के विचार को विकसित भारत के अनुसार साकार कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ग्रामीण विकास को विकास का स्थायी आधार दे रहे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

### रेहाना रियाज जोधपुर पहुंची

**जोधपुर**, (कासं)। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव रेहाना रियाज बुधवार को जोधपुर पहुंचीं। यहां वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पूर्व विधायक मनीषा पंवार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। जोधपुर पहुंचने पर रेहाना रियाज ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी साकार नहीं होगा। मेरे जैसे लोग जो जमीन स्तर से उठे हैं, उनको अगर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी ने मौका दिया है। कांग्रेस के जो कार्यकर्ता लगातार काम काम कर रहे हैं उन्हें अवसर मिलता है।राहुल गांधी जी दिन रात मेहनत करते हैं। पद यात्रा से आम आदमी की समस्याओं को समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी की बात पर प्रतिक्रिया देना बेकार है, वह सत्ता के नशे में कुछ भी बोलते हैं। काग्रेस ने इस देश को एकजुट रखने के लिए जो कुछ किया था, बीजेपी उसका उल्टा कर रही है।

**कार्यालय नगरपालिका सांचौर, (राज.)**

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280, 02979-283280, Fax.(283625) व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.पा.सां. / 2025 / 5841 दिनांक : 24.12.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

प्रारूप-10

(नियम-6(7) देखिए)

नगर पालिका सांचौर, जिला-जालोर कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जो निम्न वर्णित है :-

**90-क के तहत आवेदन पत्र**

| क्र स | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | प्रार्थी का नाम | पत्रावली संख्या | खसरा संख्या | हैक्टर में से | क्षेत्र. वर्ग गज / व.मी. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला- जालोर | कमालपुरा | अय्युबअली वल्द इकराम अली कौम मुसलमान | 439/25 | 931/734 | 0.1130 है. | 1130 वर्गमीटर | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 2 | जिला- जालोर | कमालपुरा | गोदाराम पुत्र श्री नरसींगाराम जाति भील | 440/25 | 925/543 | 0.066843 है. | 668.43 वर्गमीटर | मिश्रित प्रयोजनार्थ |
| 3 | जिला- जालोर | मौखुपुरा | प्रेमप्रकाश पुत्र श्री अजरनराम जाति भील | 441/25 | 3608/2634 | 1.8300 है. | 1506.37 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतः इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतू अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उक्त सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 24.12.2025 को जारी की गई।

राज.संवाद / सी / 25 / 16809

अधिशाषी अधिकारी